**HUNAR**

(*Talent Hunt Community Service Art Worshop*)

A Talent Hunt Community Service Art Worshop of 15 days duration was organised by the College from 16th to 31st May, 2019 for girls/ women only. The 90 participants in the workshop ranged from class 4 students to degree level belonging to different schools and colleges of the city, including women who were just homemakers. The objective was to expose the hidden talent of the girls through the medium of colours and provides them a platform to showcase their skill. The training was given by qualified artists Rajendra Bhartiy, Mohd. Waseem Farooque, Joni Prajapati, Ms Zeba and Ms. Sania. The technique of clay modelling, pencil shading, graphic/screen printing and tie-n-dye were imparted to the participants.








मधु टण्डन बी. एड. संकाय
सदनलाल सांवलदास खन्ना महिला महाविद्यालय, इलाहाबाद
(संघटक – इलाहाबाद विश्वविद्यालय)
हुनर

## छात्राओं एवं महिलाओंके लिये ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 'हुनर एवं स्वावलम्बन' शुरू

### एसएस खन्ना महिला महाविद्यालय में ८० प्रशिक्षार्थी ले रहे हैं प्रशिक्षण



# छुट्टियों में हुनरमंद बन रहीं छात्राएं सीख रहीं ग्राफिक, प्रिंटिंग, पेंटिंग



प्रयागराज। ग्रीष्मकालीन अवकाश में छात्राओं को हुनमंद बनाने के उद्देश्य से 'हुनर एवं स्वावलंबन' विषय पर कार्यशाला की शनिवार से शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अरुण टंडन ने कार्यशाला का उद्घाटन किया।

इसमें 10 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को क्ले मॉडलिंग, वॉटर कलर पेंटिंग, स्क्रीन प्रिंटिंग, ब्लॉक प्रिंटिंग के तहत पेंटिंग, ग्राफिक्स डिजाइन, टाई एंड डाई विधाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है। छात्राओं को इलाहाबाद संग्रहालय के स्कल्पचर आर्टिस्ट डॉ. नगीना राम, इंटरनेशनल वॉटर कलर सोसाइटी के यूपी अध्यक्ष मोहम्मद कासिम फारुकी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र भारतीय, स्कल्पचर आर्टिस्ट जोनू प्रजापति, टैक्सटाइल डिजाइनर जेबा परवीन एवं सानिया हाशिम प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यशाला के उद्घाटन पर कॉलेज की प्राचार्य प्रो. लालिमा सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर दिलीप मेहरोत्रा, डॉ. मंजरी शुक्ला, डॉ. रचना आनंद गौड़, डॉ. ज्योति बैजल, डॉ. शिखा अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

# छात्राएं सीख रहीं तरह-तरह के हुनर

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

प्रयागराज।

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्राओं को हुनरमंद बनाने के मकसद से एसएस खन्ना महिला महाविद्यालय में 'हुनर' कार्यशाला में क्ले माडलिंग, वॉटर कलर पेन्टिंग, स्क्रीन प्रिन्टिंग, ब्लॉक प्रिन्टिंग के अन्तर्गत पेन्टिंग, ग्राफिक डिजाइन, टाई एण्ड डाई विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण न्यूनतम 10 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के प्रशिक्षार्थियों को दिया जा रहा है।



एसएस खन्ना डिग्री कालेज में 'हुनर एवं स्वावलम्बन' ग्रीष्मकालीन कार्यशाला

प्रशिक्षक के तौर पर इलाहाबाद संग्रहालय के स्कल्पचर आर्टिस्ट डॉ. नगीना राम, इन्टरनेशनल वॉटर कलर सोसाइटी, यूपी के अध्यक्ष मोहम्मद कासिम फारूकी, डॉ. राजेन्द्र भारतीय असिस्टेंट प्रोफेसर एसएस खन्ना महिला महाविद्यालय, स्कल्पचर आर्टिस्ट जोनू प्रजापति, टैक्सटाइल डिजाइनर जेबा परवीन तथा सानिया हाशिम कार्यशाला में प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस कार्यशाला में इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद डिग्री कालेज, प्रयाग महिला विद्यापीठ, आर्य कन्या डिग्री कालेज, सेन्ट मैरी कान्वेंट स्कूल, रमा देवी इण्टर कालेज, टैगोर पब्लिक स्कूल, बेथनी कान्वेन्ट स्कूल, महर्षि विद्यामंदिर, महर्षि पतंजलि स्कूल, किदवई इण्टर कालेज आदि से कुल 80 प्रशिक्षार्थी भागीदारी निभा रहे हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय की पुरा छात्रा डॉ. प्रतिभा पाण्डेय द्वारा स्वावलम्बन कोर्स के अन्तर्गत फैशन एवं टैक्सटाइल डिजाइनिंग कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला एवं कोर्स के उद्घाटन मौके पर निवर्तमान न्यायमूर्ति अरुण टण्डन ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यशाला में पूरी गम्भीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कार्यशाला पूर्ण सुविधाजनक हो, इसके लिए समस्त संसाधनों की पूर्ति का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. लालिमा सिंह ने स्वागत किया। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में दिलीप मेहरोत्रा, डॉ. मंजरी शुक्ला, डॉ. रचना आनन्द गौड़, डॉ. ज्योति बैजल, डॉ. शिखा अग्रवाल, डॉ. बलदीप कौर, डॉ. मंजू मिश्रा, डॉ. ममता भटनागर आदि उपस्थित रहे।



एसएस खन्ना कालेज में हुनरमंद बनने की कोशिश करतीं छात्राएं। फोटो : एसएनबी